**Date:14/01/2025**

**प्रो. जे. पी. पांडे ने ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार संभाला**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज दोपहर प्रो.जे. पी. पांडे ने कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया। उनकी नियुक्ति माननीय राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा आगामी 06 माह एवं अग्रिम आदेशों जो भी पहले हो, तक के लिए की गई है।उनका कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया को कुलसचिव डॉ महेश कुमार द्वारा पूर्ण किया गया ।प्रो. पांडे वर्तमान में डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (AKTU), लखनऊ के कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

प्रो. जे. पी. पांडे अपने शिक्षण, प्रशासनिक अनुभव और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

इस अवसर पर प्रो. पांडे ने कहा, "यह मेरे लिए जिम्मेदारी और सम्मान की बात है कि मुझे माननीय राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा भाषा विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। मैं विश्वविद्यालय के समग्र विकास और उत्कृष्टता को सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा।"

विश्वविद्यालय समुदाय ने प्रो. पांडे का स्वागत किया और उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रो. मसूद आलम, प्रो. चन्दना डे, परीक्षा नियंत्रक डॉ भावना मिश्रा एवं डॉ पीयूष सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**Press Release**

**Prof. J. P. Pandey Assumes Charge as Vice-Chancellor of Khwaja Moinuddin Chishti Language University**

Lucknow: Prof. J. P. Pandey assumed charge as the Vice-Chancellor of Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, this afternoon. His appointment has been made by the Honourable Governor of Uttar Pradesh, Smt. Anandiben Patel, for a period of six months or until further orders, whichever is earlier. The formal process of handing over charge was completed by the Registrar, Dr. Mahesh Kumar.

Prof. Pandey is currently serving as the Vice-Chancellor of Dr. A. P. J. Abdul Kalam Technical University (AKTU), Lucknow.

Prof. J. P. Pandey is widely recognized for his teaching, administrative expertise, and visionary leadership. He has made significant contributions to the field of education, and under his leadership, institution has achieved remarkable milestones. His appointment as Vice-Chancellor of Khwaja Moinuddin Chishti Language University is expected to accelerate the Language university's academic and administrative growth.

On this occasion, Prof. Pandey said, "It is both my responsibility and honour to be appointed as the Vice-Chancellor of this university by the Honourable Governor. I am committed to working diligently to ensure the university's holistic development and pursuit of excellence."

The university community warmly welcomed Prof. Pandey and extended their best wishes for the university's bright future under his leadership. The occasion was graced by the

presence of Prof. Masood Alam, Prof. Chandana Dey, Controller of Examinations Dr. Bhavana Mishra, Dr. Piyush, and other faculty members.

**Date:16/01/2025**

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे किक बॉक्सिंग (पुरुष) खिलाड़ी/टीम का चयन/गठन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे माननीय कुलपति महोदय प्रो0 जे0 पी0 पाण्डे के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किक बॉक्सिंग (पुरुष) खिलाड़ी/टीम के चयन/गठन हेतु विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद ने आज दिनाँक 16.01.25 को चयन ट्रायल आयोजित कराया I वाह्य खेल विशेषज्ञ श्री प्रमोद तिवारी, अध्यक्ष: मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स एकेडमी, लखनऊ के सहयोग से विश्वविद्यालय स्तरीय खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में अक्षत बाजपेई, प्रभाकर आर्या, अनूप कुमार, मुदित शुक्ला व मो0 रेहान खां को गुरू काशी विश्वविद्यालय, तलवांडी साबो (पंजाब) में दिनांक 15-18, फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाली ऑल इंडिया किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष डॉ नीरज शुक्ल एवं छात्र अधिष्ठाता प्रो0 चंदना डे द्वारा शुभकामनाएं दी गयी। चयन ट्रायल प्रक्रिया का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ0 हसन मेहदी द्वारा किया गया इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के सदस्य सचिव मोहम्मद शारिक एवं सदस्य डॉ बुशरा अल्वेरा उपस्थित रहीं।

**Date:17/01/2025**

**भाषा विश्वविद्यालय में एनएसएस द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन**

लखनऊ, 17 जनवरी 2025: आज विवेकानंद जयंती की मुनासबत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनएसएस के अंतर्गत अटल हॉल में "भारत के निर्माण में नई पीढ़ी की भूमिका" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवक डॉ. अभय कृष्ण, डॉ. साइमा अलीम और डॉ. जफर अल-नकी ने इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. अभय कृष्ण ने इस महत्वपूर्ण विषय पर भाषण देते हुए कहा कि विवेकानंद के विचारों और ख्यालों को हर किसी को अपनाना चाहिए। आज के युवाओं तक उनकी बातों और विचारों को पहुँचाना बहुत ज़रूरी है। और इसके साथ ही उन्हें अपने जीवन में उतारने की ज़रूरत है क्योंकि उनके विचार और सोच नए भारत के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस पुरे सप्ताह में समाज में युवाओं के महत्व ,उनके प्रदर्शन और भूमिका की चर्चा की जानी चाहिए साथ ही युवाओं की समस्याओं और उनके समाधानों और उनको जागरूकता की चर्चा की जानी चाहिए। स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से लेकर 18 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के माध्यम से देश का भविष्य बेहतर बनाना है। डॉ. साइमा अलीम ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विवेकानंद के व्यक्तित्व और उनके विचारों में एक तरह का आकर्षण था। उन्होंने विशेष रूप से शिकागो में दिए भाषण का उल्लेख किया । उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक भाषण में विवेकानंद ने भारतीय ज्ञान और सभ्यता की गौरवशाली परंपरा का इस तरह वर्णन किया कि उसका अर्थ और महत्व दिन-प्रतिदिन और अधिक स्पष्ट होता जा रहा है। उन्होंने अंत में इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने वाले सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषण प्रतियोगिताएं न केवल आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होती हैं, बल्कि आपके व्यक्तित्व को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस भाषण प्रतियोगिता में रुद्राक्ष चौधरी, अरुण कुमार, हर्ष तिवारी और रेखा यादव के अलावा अन्य छात्रों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का निर्देशन और धन्यवाद इंजीनियरिंग के छात्र मयंक ने किया। इस कार्यक्रम में चौथी, पांचवीं और आठवीं इकाई के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसके अलावा विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया।

**Date:19/01/2025**

**भाषा विश्वविद्यालय:स्वयंसेवकों ने मनाया सड़क सुरक्षा कार्यक्रम**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट 7 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष कुमार व एन० एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा "सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम" के तहत आज भिठोली तिराहे पर यातायात के नियमों पालन करने तथा कार चलाते समय सीट वेल्ट का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया | मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने तथा ड्राइव करते मोबाइल प्रयोग न करने कि सलाह दी तथा मोटरसाइकिल से अधिकतम दो लोग ही यात्रा करने कि सलाह दी स्वयंसेवको मे वंश गुप्ता, जश्नदीप सिंह, मुदित शुक्ला, मो. रेहान मो. क़ुताइब, मो. साद खान, अस्मा जैन ज़रा, मो. कविश कमल आदि स्वयंसेवको अपनी अहम भूमिका निभाई.

**Date:20/01/2025**

**भाषा विवि और सीबीएमआर के मध्य हुआ समझौता ज्ञापन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के मार्गदर्शन में हस्ताक्षर किये गए। शैक्षणिक और अनुसंधान के उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (KMCLU), सीतापुर-हरदोई बाईपास रोड, लखनऊ, और सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (CBMR), जो उत्तर प्रदेश सरकार के तहत एक स्वायत्त निकाय है और एसजीपीजीआईएमएस कैंपस, रायबरेली रोड, लखनऊ में स्थित है, के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य KMCLU और CBMR के बीच घनिष्ठ सहयोग और कार्यात्मक समन्वय स्थापित करना है। यह साझेदारी शिक्षकों, शोधकर्ताओं और छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने और उनके लिए आपसी सहयोग के अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है। इस समझौते के तहत मुख्य गतिविधियां निम्नलिखित होंगी:

1. प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर फंडिंग के लिए संयुक्त शोध प्रस्ताव तैयार करना।

2. तकनीकी विशेषज्ञता और शोध अनुदान साझा करना।

3. शोध उन्मुखीकरण कार्यक्रमों का आयोजन।

4. आपसी रुचि के विषयों पर संयुक्त रूप से सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।

इस ऐतिहासिक समझौते पर CBMR के निदेशक प्रो. आलोक धवन और KMCLU के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। समारोह के दौरान, प्रो. आलोक धवन ने विभिन्न विषयों के बीच सहयोग के महत्व को रेखांकित किया और इसे नवाचार और अनुसंधान के लिए एक नई दिशा बताया। वहीं, डॉ. महेश कुमार ने इस साझेदारी को छात्रों और शिक्षकों के लिए नई सीखने और शोध के अवसर प्रदान करने वाली पहल बताया।

समझौते के इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन लखनऊ में अनुसंधान और नवाचार के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है और शैक्षणिक समन्वय के एक उज्जवल भविष्य का वादा करता है। समझौते के अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, फार्मेसी संकाय की निदेशक शालिनी त्रिपाठी और कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल सहित संबंधित शिक्षक और अधिकारी उपस्थित रहे।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**Date:21/01/2025**

**भाषा विवि के जन सूचना अधिकारी बने प्रो. मसूद आलम**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के जन सूचना अधिकारी पर भाषा विश्वविद्यालय के प्रो. मसूद आलम को विश्वविद्यालय का जन सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। बतादें कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 से संबंधित सभी प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रो. मसूद आलम, संकायाध्यक्ष– विधि अध्ययन संकाय को अग्रिम आदेशों तक ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने अग्रिम आदेशों तक विश्वविद्यालय का जन सूचना अधिकारी नियुक्त किया है।

***भाषा विश्वविद्यालय: पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने जीता "क्वीयरिंग फ्रेम्स" में प्रथम पुरस्कार***

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों श्वेता चौरसिया और अर्णव कुमार सिंह ने "क्वीयरिंग फ्रेम्स" शॉर्ट फिल्म स्क्रीनिंग और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विजेताओं को 25,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह प्रतियोगिता सूरम्या फाउंडेशन और डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी।

दो दिवसीय इस कार्यक्रम का मुख्य विषय था "समलैंगिक समुदाय पर आगे बढ़ना: संवेदनशीलता और जागरूकता"। इसका उद्देश्य LGBTQIA+ समुदाय के प्रति समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना था। इस पहल के तहत शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

श्वेता और अर्णव ने अपनी टीम के साथ मिलकर यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की। उनकी शॉर्ट फिल्म "अपनी पहचान " को विभाग की डॉ. रुचिता सुजय चौधरी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। उनकी रचनात्मकता और मेहनत ने उन्हें अन्य प्रतिभागियों से अलग और विजेता बनाया।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, प्रो. जे. पी. पांडे ने अपनी बधाई देते हुए कहा, "हम अपने विद्यार्थियों को इस असाधारण उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। उनकी इस सफलता ने विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।"

**Date:22/01/2025**

**एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाषा विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली**

लखनऊ, 22 जनवरी, 2025: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित रैली एकेडमिक ब्लॉक से शुरू होकर यूनिवर्सिटी सर्किल से होते हुए थैंकू गेट तक गई। इस रैली में एनएसएस स्वयंसेवकों ने बिना हेलमेट के बाइक चला रहे छात्रों को हेलमेट न पहनने के नुकसानों के बारे में बताया और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने हाथों में बैनर लिए हुए और नारे लगाते हुए छात्रों और अन्य लोगों तक सड़क सुरक्षा संदेश पहुँचाए।

रैली के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साइमा अलीम ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की जरूरत है ताकि उनका जीवन और दूसरों का जीवन सुरक्षित रह सके और साथ ही उन्होंने सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में भी बताया और कहा कि वाहन चलाते समय सभी सावधानियां बरतना महत्वपूर्ण है, खासकर हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट बांधना और यह सुनिश्चित करना कि आप सड़क पर दूसरों की सुरक्षा के लिए गति सीमा का पालन करें। डॉ. अभय कृष्ण ने सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने और उनका पालन करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात के आवश्यक नियमों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे सड़क पर चलते समय जानलेवा दुर्घटनाओं से बच सकें। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने मोटरसाइकिल चालकों को घातक दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट के महत्व के बारे में जानकारी दी। चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट बांधने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई। इस रैली में डॉ. ज़फरून  नकी, डॉ. साईमा अलीम तथा डॉ. अभय कृष्ण के साथ एनएसएस के स्वयंसेवक और छात्र मौजूद रहे।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

***ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक संपन्न***

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के समिति रूम में कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो. जे. पी. पांडे ने की।

बैठक में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा निर्धारित प्रबंधन के आलोक में विश्वविद्यालय में "प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस" की नियुक्ति के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने हेतु समिति के गठन पर अनुमोदन प्रदान किया गया। सभी डींस एवं विभागाध्यक्षों की समिति पर सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण एवं अनुरक्षण संबंधी कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सेल के गठन पर भी सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

बैठक में प्रो. जय शंकर पांडे, प्रो. पंड्या, प्रो. ललिता राव, कुलसचिव महेश कुमार, वित्त अधिकारी साज़िद आज़मी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**Date:24/01/2025**

**भाषा विश्वविद्यालय के तीन छात्रों ने राज भवन में दिखाई प्रतिभा**

राज भवन लखनऊ में सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के संदर्भ में दिनांक 21 और 22 दिसंबर को माननीय राज्यपाल महोदया आनंदीबेन पटेल जी की उपस्थिति में प्रदेश के 34 राज्य विश्वविद्यालयों से चयनित 90 प्रतिभागियों के मध्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता में माननीय कुलपति प्रो. जयप्रकाश पांडेय जी के संरक्षण में तथा अध्यक्षा, सांस्कृतिक समिति डॉ. नलिनी मिश्रा के प्रतिनिधित्व में भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के एलएल.एम.के छात्र अमन कुमार त्रिपाठी,निबंध प्रतियोगिता में बी.एड. की छात्रा महिमा यादव तथा कविता लेखन प्रतियोगिता में पीएच.डी की छात्रा रचना मिश्रा ने प्रतिभाग किया।तीनों छात्रों का चयन प्रथम स्तर विश्वविद्यालय से तथा द्वितीय स्तर लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता के माध्यम से तृतीय स्तर राजभवन के लिए हुआ।प्रतियोगिता मे विश्वविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामदास उपस्थित रहे।

***भाषा विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का उत्सव***

माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के नेतृत्व में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा सांस्कृतिक समिति के सहयोग से *उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस* 24 जनवरी को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम का समन्वयन एनसीसी एएनओ डॉ. लेफ्टिनेंट बुशरा अल्वेरा ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में रजिस्ट्रार डॉ महेश कुमार, प्रॉक्टर डॉ. नीरज शुक्ला, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. एहतिशाम अहमद और प्रो. हैदर अली उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेट्स ने एएनओ के मार्गदर्शन में एक *रैली* का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। यह रैली विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर आसपास के क्षेत्रों से गुजरी और प्रदेश की उपलब्धियों व राष्ट्रीय प्रगति में इसके महत्वपूर्ण योगदान को उजागर किया।

यह कार्यक्रम छात्रों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी और समर्पण का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**Date:25/01/2025**

**भाषा विवि में मनाया गया मतदाता दिवस**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (KMCLU) की एनसीसी इकाई ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साह और जोश के साथ मनाया। यह कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रो. जयप्रकाश पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर भारत में मतदान के अधिकार और इसकी महत्ता को उजागर करने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया।

एनसीसी इकाई द्वारा "भारत में मतदान के अधिकार का महत्व" विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों को रचनात्मक पोस्टर्स के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का आयोजन और समन्वय डॉ. लेफ्टिनेंट बुशरा अल्वेरा, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। एनसीसी इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने कैडेट्स को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भूमिका और जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया। यह आयोजन युवाओं को मतदान के महत्व को समझने और देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करता है।

विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं: प्रथम स्थान: कैडेट शमा परवीन, द्वितीय स्थान: कैडेट आनंदी गौतम तृतीय स्थान: कैडेट महविश क़ादिर.

**Date:26/01/2025**

**भाषा विश्वविद्यालय में मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में 76वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। विदित है कि भारतवर्ष में 76वां गणतंत्र दिवस पूरे देश भर में देशवासियों के द्वारा खुशी और गणतंत्रता के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर अबुल कलाम आजाद शैक्षणिक भवन पर माननीय कुलपति प्रो. जेपी पांडे द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रो. पांडे ने कहा कि आज का दिन संविधान का है। यह देश संविधान से चलता है। जैसे अपना भाषा विश्वविद्यालय अपनी नियमावली से चलता है। इसमें कोई राजा नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने यहां लोकतंत्र के साथ गणतंत्र भी है। और संविधान वोट के साथ मिलकर ही गणतंत्र का निर्माण होता है। प्रो. पांडे ने डेमोक्रेसी को समझाते हुए कहा कि इंग्लैंड डेमोक्रेटिक तो है पर रिपब्लिक नहीं है। भारत की स्वतंत्रता की नींव इंग्लैंड में इंडीपेंडेंस एक्ट के माध्यम से हुई थी।पार्टीशन में इंग्लैंड ने इंडिया को डॉमिनेंस स्टेट देने की भी बात रखी थी। पर इंग्लैंड में विरोध होने के कारण ऐसा संभव नहीं हो पाया। माननीय कुलपति ने कहा कि संविधान हमें अधिकार अवश्य देता है किंतु हमें अपने कर्त्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए। कुलपति भी विश्वविद्यालय के नियमों के मुताबिक की कार्य करता है. प्रो. पांडे ने बात को आगे बढ़ाते हुए बताया कि कमजोर से कमजोर व्यक्ति भी संविधान की बदौलत भारत में किसी भी स्वरूप पर अवसर पा सकता है। आज विश्व पटल पर भारत के पास 140 करोड़ जनसंख्या है। प्रो. पांडे ने कहा कि भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी है।

गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर डॉ. विभा और उनकी टीम द्वारा एक मनमोहक कविता पाठ और राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने किया। कुलसचिव ने विश्वविद्यालय की नियमावली, परिनियमावली से विश्वविद्यालय हित में सभी से योगदान देने की अपील की। कुलसचिव ने कहा कि आज के इस शुभ अवसर पर विश्विद्यालय परिवार को संविधान के तहत मिलकर कार्य करना चाहिए। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया एवं मिष्ठान वितरण

कर सभी को शुभकामना संदेश दिया। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, वित्त अधिकारी साजिद आजमी, प्रो चन्दना डे, प्रो मसूद आलम, प्रो  हैदर अली, डॉ. नीरज शुक्ला, नलिनी मिश्रा, लेफ्टिनेंट बुशरा एलवेरा, सहित समस्त शिक्षक, आधिकारी कर्मचारी और विद्यार्थी भारी तादाद में उपस्थित रहे।

**Date:28/01/2025**

**भाषा विवि की क्रिकेट (पुरुष) टीम का हुआ गठन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे माननीय कुलपति महोदय प्रो0 जे0 पी0 पाण्डे के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्रिकेट (पुरुष) खिलाड़ी/टीम के चयन/गठन हेतु विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद द्वारा चयन ट्रायल आयोजित कराया I वाह्य खेल विशेषज्ञ श्री मो0 आसिफ रजा खान कोच (क्रिकेट), के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ के सहयोग से विश्वविद्यालय स्तरीय खिलाड़ियों का चयन किया गया I चयनित खिलाड़ियों को दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में दिनांक 10-18, फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाली नॉर्थ जोन क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष डॉ नीरज शुक्ल एवं् छात्र अधिष्ठाता प्रो0 चंदना डे द्वारा शुभकामनाएं दी गयी I चयन ट्रायल प्रक्रिया का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ0 हसन मेहदी द्वारा किया गया इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के सदस्य सचिव मोहम्मद शारिक सदस्य डॉ बुशरा अल्वेरा, डॉ0 रामदास, डॉ0 आरिफ अब्बास, डॉ0 राजेंद्र त्रिपाठी  इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहें।

**Date:29/01/2025**

**भाषा विवि में हुआ स्वयम आउटरीच वर्कशॉप का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में स्वयम आउटरीच वर्कशॉप का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल सभागार में किया गया। बतादें कि सरकार द्वारा सभी शिक्षण संस्थाओं में स्वयम के माध्यम से डिजीटल शिक्षा को महत्व दिया जा रहा है। इसी श्रृंखला में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय की अध्यक्षता में स्वयम आउटरीच वर्कशॉप का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल सभागार में सभी शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया। वर्कशॉप इंटीग्रेशन इंप्लीमेंटेशन ऑफ स्वयम कोर्सेज एंड नेशनल क्रेडिट फ्रेम वर्क उन्नति लाइट ऑफ NEP 2020 विषय रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद सभी रिसॉर्स पर्सन को शॉल और पौधा देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना भाषा विवि की डीन, सामाजिक विज्ञान संकाय की प्रो. चन्दना डे रखी।

वर्कशॉप को संबोधित करते हुए रिसॉर्स पर्सन प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डीन, अकादमिक सेल, लखनऊ विश्वविद्यालय ने बताया कि नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने भारत के भविष्य के लिए एजुकेशन एंड स्किलिंग को अपनाने पर जोर दिया। प्रो. मिश्रा ने क्रेडिट सिस्टम के विजन और उद्देश्यों को समझाते हुए इसकी महत्ता को बताया। मिश्रा ने स्किल्ड बेस्ड एजुकेशन को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने डिजिटल शिक्षा को एक्सेप्ट करने की बात भी कही। प्रो. मिश्रा क्रेडिट सिस्टम में अकादमिक बैंक क्रेडिट के बारे में भी विस्तार से बताया। आपने क्रेडिट सिस्टम के एडवांटेज को अच्छी तरह से स्वीकारने की भी सलाह दी। प्रो. मिश्र ने बताया कि अब पूरी शिक्षा को क्रेडिट के माध्यम से मूल्यांकन किया गया है। प्रो. मिश्रा ने शिक्षा को थ्योरी और प्रैक्टिकल बेस्ड एजुकेशन में वर्गीकृत करने की बात कही। प्रो. ट्रेनिंग को भी शिक्षा में सम्मिलित करते हुए इसकी महत्ता पर बल दिया। प्रो. मिश्रा ने राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क को अपनाने पर भी जोर दिया।

वहीं वर्कशॉप के दूसरे सत्र को संबोधित करने हुए डॉ. अंगना सेनगुप्ता, समन्वयक, स्वयम NPTEL लोकल चैप्टर आईआईटी कानपुर ने बताया कि बदलाव में एक जनरेशन को अधिक मेहनत करनी होती है। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षण संस्थाओं में नोडल अधिकारी नियुक्त करना है। जिसके माध्यम से संस्था के शैक्षणिक माहौल को डिजिटलाइज्ड करना ही है। हमें विभाग में BOS के माध्यम से स्वयम के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण उपलब्ध

कराना ही है। स्वयम एनपीटीईएल कोर्सेज को विश्वविद्यालय खुद ही परीक्षा करा सकता है। सभी कोर्सेज बिल्कुल निःशुल्क हैं। सभी कोर्सेज हिंदी, इंग्लिश में उपलब्ध हैं। अगर विश्वविद्यालय चाहे तो रीजनल भाषा में परीक्षा ले सकती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि शिक्षक समाज के प्रतिनिधि के रूप में जाने जाते हैं। कुलपति ने बताया कि ऑनलाइन शिक्षा आज की आवश्यकता है हमें उसे अपने शिक्षण में शामिल अवश्य करना चाहिए। उन्होंने स्किल्ड बेस्ड एजुकेशन, क्रेडिट सिस्टम और ABC पॉलिसी के अनुसार शिक्षण करना चाहिए।

वर्कशॉप का धन्यवाद ज्ञापन स्वयम की नोडल अधिकारी डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी ने किया। डॉ. चौधरी ने बताया कि अब समय आ गया है कि हमें डिजिटल एजुकेशन के साथ समन्वय स्थापित करना चाहिए। वर्कशॉप का संचालन पत्रकारिता विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. मो. नसीब ने किया। वर्कशॉप के दौरान प्रो. मसूद आलम, प्रो. हैदर अली, प्रो. फखरे आलम, डॉ. तथहीर फातिमा, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. काज़िम रिज़वी, डॉ. कौशलेश शाह, डॉ. राजकुमार और डॉ. उन्नीकृष्णन सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक भारी तादाद में उपस्थित रहे।

**Date:30/01/2025**

**भाषा विवि में मनाया गया स्वयम दिवस**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में स्वयम दिवस का आयोजन किया गया। विदित है कि सरकार ऑनलाइन स्वयम पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध करा रही है जिसके अंतर्गत भाषा विश्वविद्यालय में स्वयं दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को स्वयम पोर्टल और ऑनलाइन कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। इसी श्रृंखला में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में माननीय कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में सभी विभागों में स्वयम दिवस का आयोजन किया गया। भाषा विवि की नोडल अधिकारी डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी ने बताया कि स्वयम दिवस के माध्यम से शासन द्वारा निर्धारित मिनिमम 40 प्रतिशत कोर्स अब स्वयम के माध्यम से ही पढ़ाए जाएंगे। स्वयम दिवस को मनाते हुए पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डॉ. काज़िम रिज़वी ने बताया कि विभाग के विद्यार्थी अब ऑनलाइन शिक्षा का लाभ घर बैठे एक क्लिक पर लिया जा सकता है। वहीं विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. शचींद्र शेखर ने सभी विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थीगण स्वयम पोर्टल के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। जिसकी परीक्षा और मूल्यांकन नोडल केंद्र पर किया जा सकेगा। स्वयम दिवस के अवसर अंग्रेजी विभाग के डॉ. हारून रशीद ने कहा कि स्वयम पोर्टल के माध्यम से वे विभिन्न विषयों में ऑनलाइन पाठ्यक्रम कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं और अपनी शिक्षा को और अधिक सशक्त बना सकते हैं। भाषा विवि की डॉ. चितवन मिश्रा ने कहा कि स्वयम पोर्टल के माध्यम से छात्र पत्रकारिता, मानविकी, समाजशास्त्र, विज्ञान, कला, और अन्य विभिन्न विषयों में कोर्स कर सकते हैं, जिनसे उन्हें प्रमाणपत्र प्राप्त होता है और उनका करियर बेहतर बनता है। कार्यक्रम में छात्रों को स्वयम पोर्टल पर कोर्स चयन और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया। छात्रों ने भी इस पहल को बहुत सराहा और इस तरह की डिजिटल शिक्षा के अवसरों को महत्व दिया। इसी संदर्भ में विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी छात्रों को सस्वयम पोर्टल का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और भविष्य में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही। स्वयम दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढकर प्रतिभाग किया।

**Press Release 2**

माननीय कुलपति महोदय के  निर्देशन में ख्वाज़ा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विशविद्यालय, लखनऊ में स्थापित भेषजी संकाय के विद्यार्थियों ने शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सेक्टर सी एस अलीगंज, लखनऊ का भ्रमण किया जहां विद्यार्थियों ने दवा वितरण, बायो मिडिकल अपशिष्ट उपचार एवं निपटान तथा मरीजो में औषधि प्रशासन मार्गो की जानकारी प्राप्त की।  छात्रों के साथ सहायक आचार्य विनोद कुमार गौतम, एहतेशाम अहमद, कार्तिकेय प्रकाष, अर्चिता तिवारी एवं अपेक्षा सिंह, उपस्थित रहे। भेषजी  संकाय की निदेशक प्रो0 शालिनी त्रिपाठी ने छात्रों को इस तरह की  शैक्षिक  गतिविधियों में आगे भी प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**Date:30/01/2025**

***एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया आयोजन***

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की *एनएसएस इकाई-4* ने चकरापुरवा गांव में *एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर* का आयोजन किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने *घर-घर जाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया*।

स्वयंसेवकों ने विशेष रूप से *महिलाओं से जुड़े स्वास्थ्य मुद्दों* पर चर्चा की और *टीबी की रोकथाम एवं स्वच्छता के महत्व* को समझाया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि *घर और आसपास की स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है* ताकि बीमारियों से बचाव किया जा सके।

शिविर के समापन अवसर पर *डॉ. अभय कृष्ण* ने एनएसएस स्वयंसेवकों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि *एक स्वस्थ और रोगमुक्त समाज का निर्माण आज की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि **महिला स्वास्थ्य किसी भी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि **स्वस्थ महिलाएं ही अगली पीढ़ी के स्वस्थ भविष्य का आधार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि **शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहना केवल बीमारी से मुक्त होने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण जीवनशैली से जुड़ा विषय है*।

डॉ. अभय कृष्ण ने महिलाओं से *स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक रहने* और समय पर इलाज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है, लेकिन *महिलाओं को अपनी सेहत के प्रति स्वयं भी सजग रहने की आवश्यकता है*।

**इस एक दिवसीय शिविर में *एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ कई ग्रामीणों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया*।**

माननीय कुलपति महोदय के निर्देशन में ख्वाज़ा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विशविद्यालय, लखनऊ में स्थापित भेषजी संकाय के विद्यार्थियों ने शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सेक्टर सी एस अलीगंज, लखनऊ का भ्रमण किया जहां विद्यार्थियों ने दवा वितरण, बायो मिडिकल अपशिष्ट उपचार एवं निपटान तथा मरीजो में औषधि प्रशासन मार्गो की जानकारी प्राप्त की। छात्रों के साथ सहायक आचार्य विनोद कुमार गौतम, एहतेशाम अहमद, कार्तिकेय प्रकाष, अर्चिता तिवारी एवं अपेक्षा सिंह, उपस्थित रहे। भेषजी संकाय की निदेशक प्रो0 शालिनी त्रिपाठी ने छात्रों को इस तरह की शैक्षिक गतिविधियों में आगे भी प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया।